# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 08/08/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** **स्वतंत्रता के समय भारत की राष्ट्रीय आय में किस क्षेत्र का योगदान सर्वाधिक था?**

**Ans**
- ✗ 1. उद्योग
- ✗ 2. सेवा
- ✗ 3. व्यापार
- ✓ 4. कृषि

**Q.2** **भारत में औपनिवेशिक काल के दौरान, किस समाज सुधारक ने बंगाल में विधवा पुनर्विवाह के समर्थन में तथा बाल विवाह के विरुद्ध कार्य किया?**

**Ans**
- ✗ 1. ज्योतिबा फुले
- ✗ 2. स्वामी विवेकानंद
- ✓ 3. ईश्वर चंद्र विद्यासागर
- ✗ 4. सैयद अहमद खान

**Q.3** **निम्नलिखित में से किस परिस्थिति में किसी राज्य में जनजाति सलाहकार परिषद (TAC) की स्थापना की जाती है?**

**Ans**
- ✗ 1. जब जनजातीय जनसंख्या 50% से अधिक हो जाए
- ✓ 2. यदि कम से कम एक अनुसूचित जनजाति हो
- ✗ 3. यदि राज्य में कोई वन क्षेत्र हो
- ✗ 4. जब जनजातीय जनसंख्या 10% से अधिक हो जाए

**Q.4** **सॉफ्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर (soft infrastructure) का उदाहरण निम्नलिखित में से कौन-सा है?**

**Ans**
- ✗ 1. ब्रिज (Bridges)
- ✗ 2. पानी की पाइपलाइन (Water pipelines)
- ✗ 3. हवाई अड्डा (Airports)
- ✓ 4. सार्वजनिक शिक्षा (Public education)

**Q.5** **औपनिवेशिक शासन के दौरान भारत की राष्ट्रीय और प्रति व्यक्ति आय के प्राक्कलन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

**Ans**
- ✗ 1. औपनिवेशिक सरकार भारत की प्रति व्यक्ति आय का प्राक्कलन करती थी, लेकिन राष्ट्रीय आय की उपेक्षा कर देती थी।
- ✗ 2. औपनिवेशिक सरकार भारत की राष्ट्रीय आय का प्राक्कलन करती थी, लेकिन प्रति व्यक्ति आय की उपेक्षा कर देती थी।
- ✗ 3. औपनिवेशिक सरकार प्रत्येक वर्ष ईमानदारी से भारत की राष्ट्रीय और प्रति व्यक्ति आय का प्राक्कलन करती थी।
- ✓ 4. औपनिवेशिक सरकार ने भारत की राष्ट्रीय और प्रति व्यक्ति आय का प्राक्कलन करने का कभी कोई वास्तविक प्रयास नहीं किया।

Q.6 वायु अपरदन द्वारा निर्मित छिछला मरुस्थलीय गर्त निम्नलिखित में से क्या कहलाता है?

Ans
✗ 1. पेडिमेंट
✗ 2. प्लाया
✗ 3. इन्सेलबर्ग
✓ 4. अपवाहन गर्त

Q.7 भारत के बेलूर में चेन्नाकेशव मंदिर (Chennakeshava Temple) के निर्माण में मुख्य रूप से किस पत्थर का उपयोग किया गया था?

Ans
✗ 1. बलुआ पत्थर
✓ 2. सोपस्टोन
✗ 3. संगमरमर
✗ 4. ग्रेनाइट

Q.8 2025 में, इसरो के नवीनतम रॉकेट कार्यक्रम में NGLV का पूर्ण रूप क्या है?

Ans
✗ 1. New Generation Lunar Vehicle (न्यू जेनरेशन लूनर व्हीकल)
✓ 2. Next Generation Launch Vehicle (नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल)
✗ 3. National Geo Lander Vehicle (नेशनल जियो लैंडर व्हीकल)
✗ 4. Nuclear Geo Launch Vehicle (न्यूक्लीयर जियो लॉन्च व्हीकल)

Q.9 भारतीय मरुस्थल की एक महत्वपूर्ण नदी, लूनी, राजस्थान में किस स्थान के निकट अरावली पर्वतमाला के पश्चिमी ढलानों से निकलती है?

Ans
✗ 1. उदयपुर
✗ 2. सिरोही
✗ 3. राजसमंद
✓ 4. अजमेर

Q.10 आम चुनावों के बाद जून 2025 तक की स्थिति के अनुसार, भारत के केंद्रीय गृह मंत्री कौन थे?

Ans
✗ 1. पीयूष गोयल
✓ 2. अमित शाह
✗ 3. राजनाथ सिंह
✗ 4. निर्मला सीतारमण

Q.11 जैव विविधता पर कन्वेंशन (CBD), किस वैश्विक सम्मेलन का परिणाम था?

Ans
✗ 1. क्योटो सम्मेलन
✗ 2. पेरिस समझौता
✓ 3. पृथ्वी शिखर सम्मेलन, 1992
✗ 4. स्टॉकहोम सम्मेलन

Q.12 ब्रॉन्स्टेड-लोरी सिद्धांत के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा अम्ल को परिभाषित करता है?

Ans
✗ 1. एक हाइड्रॉक्साइड आयन दान करता है
✗ 2. एक प्रोटॉन ग्रहण करता है
✗ 3. एक इलेक्ट्रॉन युग्म ग्रहण करता है
✓ 4. एक प्रोटॉन दान करता है

Q.13 हड़प्पावासियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans
✗ 1. वे आभूषण, इमारती लकड़ी और दैनिक उपयोग की कुछ वस्तुएं निर्यात करते थे।
✗ 2. उनके सबसे पसंदीदा आभूषण कार्नेलियन के मोती थे।
✗ 3. हड़प्पावासी व्यापार में सक्रिय रूप से संलग्न थे।
✓ 4. हड़प्पावासी औज़ार, बर्तन और कड़ाही बनाने के लिए केवल सोने का उपयोग करते थे।

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | राष्ट्रपति मुर्मू अप्रैल 2025 में, पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए किस देश में गई थी? | |
| Ans | ✔ 1. वेटिकन सिटी<br>✘ 2. इटली<br>✘ 3. जर्मनी<br>✘ 4. फ्रांस | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | 21 अक्टूबर 2024 को भारत और चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर किन सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त व्यवस्था पर सहमति व्यक्त की? | |
| Ans | ✘ 1. अक्साई और लिंग्ज़ी थांग (Aksai and Lingzi Thang)<br>✔ 2. देपसांग और डेमचोक (Depsang and Demchok)<br>✘ 3. रुडोक और गुगे (Rudok and Guge)<br>✘ 4. पुगा और चुमाथांग (Puga and Chumathang) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | निम्नलिखित में से कौन-सी, निर्वाह खेती की विशिष्ट विशेषता है? | |
| Ans | ✘ 1. वाणिज्यिक फसल उत्पादन<br>✘ 2. आधुनिक सिंचाई तकनीकों का उपयोग<br>✔ 3. परिवार के उपभोग के लिए खेती<br>✘ 4. उच्च उपज वाली किस्मों का उपयोग | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | पूर्वी तटीय मैदानों पर लैगून के निर्माण के पीछे का मुख्य कारण क्या है? | |
| Ans | ✘ 1. विवर्तनिक गतिविधि और भ्रंश-रेखा विस्थापन<br>✔ 2. तट के किनारे नदियों और लहरों द्वारा निक्षेपण<br>✘ 3. उथले तटीय क्षेत्रों में रेत का निक्षेपण<br>✘ 4. प्रवाल भित्ति का विकास और ज्वालामुखी द्वीप | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | निम्नलिखित में से कौन-सा लचीला और अनकूलनशील बहुलक प्रायः औद्योगिक ब्रश, टूथब्रश और अन्य सफाई आपूर्तियों में पाया जाता है? | |
| Ans | ✘ 1. टैरीलीन<br>✔ 2. नायलॉन 6, 6<br>✘ 3. नियोप्रीन<br>✘ 4. टेफ्लॉन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | निजीकरण का उद्देश्य सार्वजनिक उद्यमों में __________ को उत्तम बनाना है। | |
| Ans | ✔ 1. परिचालन दक्षता और प्रतिस्पर्धात्मकता<br>✘ 2. राजनीतिक प्रभाव<br>✘ 3. सरकारी व्यय<br>✘ 4. नौकरशाही नियंत्रण | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | 2025 में, फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन (FIA) ने 2025-2026 कार्यकाल के लिए हेमंत पटेल को अध्यक्ष के रूप में चयनित किया। यह संगठन कहाँ स्थित है? | |
| Ans | ✘ 1. लंदन, यूके (London, UK)<br>✘ 2. टोरंटो, कनाडा (Toronto, Canada)<br>✔ 3. शिकागो, यूएसए (Chicago, USA)<br>✘ 4. नई दिल्ली, भारत (New Delhi, India) | |

Q.21 हाजी शरियतुल्लाह के नेतृत्व में फराइजी आंदोलन, किस क्षेत्र में धार्मिक शुद्धिकरण और अंग्रेजों का विरोध करने पर केंद्रित था?

Ans
✗ 1. गुजरात
✓ 2. बंगाल
✗ 3. पंजाब
✗ 4. दिल्ली

Q.22 जून 2025 में, किस वैश्विक चिप-डिज़ाइन सम्मेलन के 62वें संस्करण, सैन फ्रांसिस्को में GenAI चिप हैकथॉन की घोषणा की?

Ans
✗ 1. ICCAD
✗ 2. ISSCC
✓ 3. DAC
✗ 4. हॉट चिप (Hot Chips)

Q.23 केरल के मुख्यमंत्री ने मई 2025 में प्रवासी बच्चों को शिक्षित करने के लिए कौन-सी योजना की शुरूआत की?

Ans
✓ 1. ज्योति (Jyothi)
✗ 2. उषा (Usha)
✗ 3. प्रतिभा (Pratibha)
✗ 4. गार्गी (Gargi)

Q.24 मार्च 2025 में आयोजित किए गए, खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 (Khelo India Para Games 2025) में 45 kg कैटेगरी पावरलिफ्टिंग (category powerlifting) में 101 kg का भार उठाकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाले पहले खिलाड़ी कौन बने हैं?

Ans
✗ 1. खुशबू गिल
✗ 2. सोनम पाटिल
✗ 3. कविप्रिया राजा
✓ 4. जसप्रीत कौर

Q.25 मई 2025 में, इसरो के आदित्य-एल1 मिशन ने वैज्ञानिक डेटा का अपना पहला सेट जारी किया। इस मिशन का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
✓ 1. सूर्य के सबसे बाह्य परत का प्रेक्षण करना
✗ 2. गहन अंतरिक्ष परिघटनाओं का अन्वेषण करन
✗ 3. मंगल ग्रह के वायुमंडल का अध्ययन करना
✗ 4. चंद्रमा के पृष्ठ का अन्वेषण करना

Q.26 हैदराबाद के निज़ाम ने ________________ के अधीन ब्रिटिश सहायक संधि को स्वीकार कर लिया।

Ans
✓ 1. लॉर्ड वेलेस्ली (Lord Wellesley)
✗ 2. सर जॉन शोर (Sir John Shore)
✗ 3. लॉर्ड हेस्टिंग्स (Lord Hastings)
✗ 4. लॉर्ड कॉर्नवालिस (Lord Cornwallis)

Q.27 नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा समुदाय केवल 6 वर्ष के निवास के बाद ही भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है?

Ans
✓ 1. पाकिस्तान से आए सिख
✗ 2. इज़राइल से आए यहूदी
✗ 3. नेपाल से आए बौद्ध
✗ 4. श्रीलंका से आए हिंदू

Q.28 निम्नलिखित में से किस शहर ने, 2025 के राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह की मेजबानी की थी?

Ans
- ✗ 1. नैनीताल
- ✗ 2. हरिद्वार
- ✓ 3. देहरादून
- ✗ 4. पटना

Q.29 निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्रीय फिल्म उद्योग, चेन्नई में स्थित है और तमिल भाषा में फिल्में बनाता है?

Ans
- ✗ 1. बॉलीवुड
- ✗ 2. टॉलीवुड
- ✓ 3. कॉलीवुड
- ✗ 4. मॉलीवुड

Q.30 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✗ 1. लड़कियों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना
- ✗ 2. ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार उपलब्ध कराना
- ✗ 3. ग्रामीण परिवारों को मोबाइल फ़ोन उपलब्ध कराना
- ✓ 4. महिलाओं को LPG कनेक्शन उपलब्ध कराना

Q.31 बिजली बंद होने पर किस प्रकार की मेमोरी अपना समस्त संग्रहीत डेटा खो देती है?

Ans
- ✗ 1. USB फ़्लैश ड्राइव (USB flash drive)
- ✗ 2. हार्ड डिस्क ड्राइव (Hard disk drive)
- ✓ 3. रैम (RAM)
- ✗ 4. रोम (ROM)

Q.32 भारत की निम्नलिखित में से किस संसदीय समिति को 'वित्तीय समिति' माना जाता है?

Ans
- ✗ 1. अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति
- ✗ 2. याचिका समिति
- ✓ 3. प्राक्कलन समिति
- ✗ 4. विशेषाधिकार समिति

Q.33 23 मार्च 2025 को मनाए गए विश्व मौसम विज्ञान दिवस का आधिकारिक विषय निम्नलिखित में से कौन-सा था?

Ans
- ✓ 1. प्रारंभिक चेतावनी गैप को एक साथ पाटना (Closing the Early Warning Gap Together)
- ✗ 2. मौसम के लिए तैयार, जलवायु स्मार्ट देश (Weather-Ready, Climate-Smart)
- ✗ 3. जलवायु कार्रवाई के लिए जलवायु ज्ञान (Climate Knowledge for Climate Action)
- ✗ 4. मौसम और जलवायु संबंधी सेवाओं में निवेश (Investing in Weather and Climate Services)

Q.34 निम्नलिखित में से कौन-सा, यूजर को माउस का उपयोग करके फ़ाइल डिलीट करने की सुविधा देता है?

Ans
- ✓ 1. इसे रिसायकल बिन तक खींच कर लाना
- ✗ 2. फाइल को कॉपी करना
- ✗ 3. फाइल पर Left-क्लिक करना
- ✗ 4. विंडो को मिनिमाइज करना

Q.35 सन् 1781 में बनारस क्षेत्र में, ब्रिटिश हस्तक्षेप के विरुद्ध राजा चैत सिंह ने 18वीं शताब्दी के किस विद्रोह का नेतृत्व किया था?

Ans
- ✗ 1. संथाल विद्रोह
- ✗ 2. कोल विद्रोह
- ✗ 3. चुआर विद्रोह
- ✓ 4. बनारस विद्रोह

Q.36 यदि कोई वस्तु ध्वनि की गति से चार गुना अधिक तेज़ गति से गतिमान है, तो उस स्थिति को क्या कहा जाता है?

Ans
- ✗ 1. अवध्वनिक
- ✗ 2. अतिध्वनिक
- ✓ 3. पराध्वनिक
- ✗ 4. आध्वनिक

Q.37 रिहंद जलविद्युत परियोजना, उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है?

Ans
- ✗ 1. गुना
- ✗ 2. रॉबर्ट्सगंज
- ✗ 3. सहारनपुर
- ✓ 4. सोनभद्र

Q.38 किस अधिनियम द्वारा बंगाल के गवर्नर-जनरल का पद सृजित किया गया?

Ans
- ✓ 1. रेगुलेटिंग एक्ट, 1773
- ✗ 2. चार्टर एक्ट, 1813
- ✗ 3. पिट्स इंडिया एक्ट, 1784
- ✗ 4. गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1858

Q.39 2025 की शुरुआत में किस भारतीय राज्य ने राष्ट्रीय खेलों के 38वें संस्करण की मेजबानी की?

Ans
- ✗ 1. गोवा
- ✗ 2. गुजरात
- ✗ 3. केरल
- ✓ 4. उत्तराखंड

Q.40 5 फरवरी 2025 को दिल्ली विधानसभा चुनाव कितने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में हुए थे?

Ans
- ✗ 1. 55
- ✗ 2. 78
- ✗ 3. 62
- ✓ 4. 70

## Section : Mathematics

Q.1 ऋतिक और संजय ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹79,200 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹16,500 के कुल लाभ में से संजय का हिस्सा ₹3,600 था। उनके निवेशों में कितना अंतर था?

Ans
- ✗ 1. ₹42,889
- ✓ 2. ₹44,640
- ✗ 3. ₹46,400
- ✗ 4. ₹42,824

Q.2 वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 91673 में जोड़ने पर प्राप्त योगफल 88 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए।

Ans
- ✗ 1. 26
- ✗ 2. 21
- ✓ 3. 23
- ✗ 4. 24

**Q.3** P की वर्तमान आयु का सात गुना, Q की वर्तमान आयु से 46 वर्ष अधिक है। 8 वर्ष बाद, उस समय Q की आयु का छह गुना, P की आयु के छह गुना से 24 वर्ष कम होगा। Q की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 5
- ✗ 2. 11
- ✓ 3. 3
- ✗ 4. 12

**Q.4** दो क्रमागत विषम प्राकृतिक संख्याओं के वर्गों का योग 394 है। संख्याओं का योग कितना है?

**Ans**
- ✗ 1. 24
- ✓ 2. 28
- ✗ 3. 32
- ✗ 4. 22

**Q.5** A किसी कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकता है और B उसी कार्य को 20 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि वे 6 दिनों तक एक साथ कार्य करते हैं, तो कार्य का कितना भाग शेष रह जाएगा?

**Ans**
- ✗ 1. $\frac{3}{10}$
- ✓ 2. $\frac{1}{10}$
- ✗ 3. $\frac{7}{10}$
- ✗ 4. $\frac{11}{10}$

**Q.6** एक व्यक्ति विशाखापट्टनम से नागपुर 55 km/hr की चाल से जाता है और उसी मार्ग से 66 km/hr की चाल से विशाखापट्टनम वापस आता है। संपूर्ण यात्रा में उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 60
- ✗ 2. 63
- ✗ 3. 55
- ✗ 4. 58

**Q.7** पल्लवी ने एक खिलौना ₹740 में खरीदा, उसे ₹16 की लागत से सजाया और खिलौने को ₹558 में बेच दिया। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. $\frac{550}{21}\%$ लाभ
- ✗ 2. $550\%$ हानि
- ✗ 3. $\frac{560}{21}\%$ लाभ
- ✓ 4. $\frac{550}{21}\%$ हानि

**Q.8** दो संख्याओं का योगफल 57 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) 812 है। वे दोनों संख्याएं ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 26, 31
- ✗ 2. 33, 24
- ✓ 3. 28, 29
- ✗ 4. 21, 36

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | किसी कस्बे की वर्तमान जनसंख्या 12,014 है। इसमें दो क्रमिक वर्षों में 25% और 60% की वृद्धि होती है, लेकिन तीसरे वर्ष में 50% की कमी हो जाती है। तीसरे वर्ष के अंत में कस्बे की जनसंख्या कितनी है? | |
| Ans | ✗ 1. 12,019<br>✓ 2. 12,014<br>✗ 3. 12,015<br>✗ 4. 12,013 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | विपुल, मोहन और मोहम्मद का औसत वज़न 45 kg है। यदि विपुल और मोहन का औसत वज़न 43 kg है और मोहन और मोहम्मद का औसत वज़न 50 kg है, तो मोहन का वज़न (kg में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. 66<br>✓ 2. 51<br>✗ 3. 71<br>✗ 4. 61 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | पांच संख्याओं का योगफल 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 80 है और तीसरी संख्या 101 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. 198<br>✓ 2. 197<br>✗ 3. 182<br>✗ 4. 181 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | एक सम बहुभुज में 30 भुजाएँ हैं। एक अंत:कोण की माप ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. $12°$<br>✓ 2. $168°$<br>✗ 3. $48°$<br>✗ 4. $128°$ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | एक दुकानदार ने एक टेबल की कीमत ₹1,400 अंकित की और उसपर दो क्रमिक छूटें प्रदान कीं, जिनमें से एक 12% है। यदि कोई ग्राहक टेबल के लिए ₹1,133.44 का भुगतान करता है, तो दी गई दूसरी छूट कितने प्रतिशत थी? | |
| Ans | ✓ 1. 8%<br>✗ 2. 15 %<br>✗ 3. 5%<br>✗ 4. 10% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | राहुल 30% की व्यापारिक छूट पर एक पेन बॉक्स (अंकित मूल्य ₹900) खरीदता है। शुद्ध मूल्य ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. ₹600<br>✗ 2. ₹700<br>✗ 3. ₹750<br>✓ 4. ₹630 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | 22 फरवरी 2024 को जमा की गई और 23 अप्रैल 2024 को निकाली गई ₹4,000 की राशि पर 6.75% वार्षिक ब्याज दर से साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. ₹43<br>✗ 2. ₹46<br>✓ 3. ₹45<br>✗ 4. ₹44 | |

Q.16 एक संख्या को 80% बढ़ाने पर 2790 प्राप्त होता है। संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1550
2. 3100
3. 775
4. 4650

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 4,81,355 को विभाजित करती है?

Ans
1. 5
2. 3
3. 6
4. 15

Q.18 वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 131, 91 और 215 को विभाजित करने पर शेषफल क्रमशः 8, 9 और 10 प्राप्त होंगे।

Ans
1. 37
2. 57
3. 41
4. 61

Q.19 sin (90 − x) cos (180 − (x − y)) + cos (90 − x) sin (180 − (y − x)) का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. cos y
2. −sin y
3. −cos y
4. sin y

Q.20 यदि 81 और 27 का तृतीयानुपाती x है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 9
2. 7
3. 6
4. 11

Q.21 किसी वस्तु को उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के $\frac{2}{5}$ पर बेचने पर, निर्भय को 26% की हानि होती है। यदि वह इस वस्तु को उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के 84% पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 57.8%
2. 55.6%
3. 55.4%
4. 56.7%

Q.22 यदि किसी त्रिभुज का क्षेत्रफल 1080 $cm^2$ है और उसकी भुजाएँ 5 : 12 : 13 के अनुपात में हैं, तो त्रिभुज का परिमाप ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 180 cm
2. 120 cm
3. 150 cm
4. 210 cm

Q.23 एक बेलनाकार छड़ का बाहरी वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 3300 $cm^2$ है। यदि छड़ की लंबाई 72 cm है, तो छड़ की बाहरी त्रिज्या (cm में), दशमलव के दो स्थानों तक, ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans
- ✔ 1. 7.29
- ✘ 2. 7.36
- ✘ 3. 8.31
- ✘ 4. 6.37

Q.24 दिया गया है कि $58^{0.5} = x$, $58^{0.79} = y$ और $x^z = y^{10}$ है, तो z का मान _______ के निकटतम होगा।

Ans
- ✔ 1. 15.8
- ✘ 2. 15.54
- ✘ 3. 18.48
- ✘ 4. 16.7

Q.25 दिए गए व्यंजक को सरलीकृत कीजिए।

$x(3x - 5) + 5(x^2 - 3) + 16$

Ans
- ✘ 1. $-8x^2 - 5x - 1$
- ✔ 2. $8x^2 - 5x + 1$
- ✘ 3. $8x^2 - 5x -1$
- ✘ 4. $8x^2 - 5x - 1$

Q.26 ₹1,200 की राशि पर 3% प्रति माह की ब्याज दर से 11 माह का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. ₹66
- ✘ 2. ₹53
- ✔ 3. ₹396
- ✘ 4. ₹33

Q.27 P, Q और R ने क्रमशः 34 : 75 : 6 के अनुपात में धनराशि निवेश की। यदि वर्ष के अंत में उन्हें कुल ₹3,600 का लाभ प्राप्त हुआ, तो Q और R के हिस्सों के बीच अंतर कितना है?

Ans
- ✘ 1. ₹2,316
- ✘ 2. ₹2,264
- ✔ 3. ₹2,160
- ✘ 4. ₹2,109

Q.28 पाइप P, किसी टैंक के $\frac{5}{7}$ भाग को 30 घंटे में भर सकता है, और पाइप Q उसी टैंक के $\frac{2}{5}$ भाग को 28 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों को 7 घंटे के लिए चालू रखा जाता है, और फिर दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर पाइप R को अकेले चालू किया जाता है जो टैंक के पानी को 8 घंटे में खाली कर देता है। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं?

Ans
- ✘ 1. 214 घंटे
- ✘ 2. 222 घंटे
- ✘ 3. 204 घंटे
- ✔ 4. 210 घंटे

Q.29 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:
(-9) - (-60) ÷ (-10) + (-3) × 6

Ans
- ✘ 1. -32
- ✘ 2. -35
- ✘ 3. -36
- ✔ 4. -33

Q.30 195 m लंबी एक रेलगाड़ी, 5 km/hr की चाल से (समान दिशा में) चल रहे एक व्यक्ति को 13 सेकंड में पार कर जाती है। इस रेलगाड़ी को विपरीत दिशा में 76 km/hr की चाल से चल रही 255 m लंबी एक अन्य रेलगाड़ी को पूर्ण रूप से पार करने में कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

Ans
1. 32
2. 31
3. 13
4. 12

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी तरीके से संबंधित हैं जिस तरीके से निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/ 13 में से घटाना/ 13 से गुणा करना आदि, की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 तथा 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

130, 26
225, 45

Ans
1. 200, 42
2. 185, 36
3. 155, 30
4. 160, 32

Q.2 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) £ $ 7 1 1 @ @ 2 © 5 $ & @ £ % # 7 € © @ 8 $ (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
1. 2
2. 0
3. 3
4. 1

Q.3 पाँच व्यक्ति (A, B, C, D और E) एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। वे सभी उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, C और E के ठीक बीच में बैठा है। A, E के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। C, D के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। पंक्ति के बाएँ छोर पर कौन बैठा है?

Ans
1. E
2. D
3. A
4. B

Q.4 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ मेवे, बेरी हैं।
सभी फल, बेरी हैं।

निष्कर्ष (I): कुछ मेवे, फल हैं।
निष्कर्ष (II): सभी बेरी, फल हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.5 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. QMO
✗ 2. NJL
✓ 3. TPS
✗ 4. LHJ

Q.6 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से BGLY का संबंध EIOA से है। उसी तरीके से, NOXG का संबंध QQAI से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से WUGM का संबंध किससे है?

Ans
✗ 1. ZWOJ
✗ 2. ZJOI
✗ 3. ZJOW
✓ 4. ZWJO

Q.7 L, M, N, O, Q, R और S एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। Q के बाईं ओर गिनती करने पर N और Q के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S, R के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। L, M के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। S, L के दाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। O, L का निकटतम पड़ोसी नहीं है। O के दाईं ओर से गिनती करने पर O और Q के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. चार
✗ 2. एक
✗ 3. दो
✓ 4. तीन

Q.8 सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक करके रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों।
A और E के बीच केवल चार बक्से रखे गए हैं। A के ऊपर केवल G को रखा गया है। B और C के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। D को F के ठीक ऊपर रखा गया है। C को D के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है।
D के ऊपर कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
✓ 1. तीन
✗ 2. दो
✗ 3. एक
✗ 4. चार

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

GLE25 HMF36 ING47 JOH58 ?

Ans
✗ 1. KPJ68
✗ 2. KPJ69
✗ 3. KPI68
✓ 4. KPI69

Q.10 सात बॉक्स F, G, H, M, N, O और P एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
O के नीचे केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। N के ऊपर केवल एक बॉक्स रखा गया है। N और H के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। G को M के ठीक ऊपर रखा गया है। F को P के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है।
P और G के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✗ 1. दो
✗ 2. तीन
✓ 3. चार
✗ 4. एक

Q.11 K, I का पुत्र है। I, L का पिता है। L, O की माता है। O, S का भाई है। K का O से क्या संबंध है?

Ans
✔ 1. माता का भाई
✘ 2. भाई
✘ 3. पिता
✘ 4. पत्नी

Q.12 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ 1. ORQ
✔ 2. POT
✘ 3. DGF
✘ 4. FIH

Q.13 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।

**VKQ 142, ZPU 136, DUY 130, HZC 124, LEG 118, ?**

Ans
✘ 1. LKJ 114
✔ 2. PJK 112
✘ 3. OIL 114
✘ 4. QKM 112

Q.14 हिमांक बिंदु A से यात्रा शुरू करता है और पश्चिम की ओर 13 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 16 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। अंतत: वह बाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✔ 1. 3 km, दक्षिण की ओर
✘ 2. 4 km, उत्तर की ओर
✘ 3. 4 km, दक्षिण की ओर
✘ 4. 3 km, उत्तर की ओर

Q.15 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ लकड़ियां, छेनी हैं।
कुछ छेनी, ग्राफ हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ लकड़ियां, ग्राफ हैं।
(II) सभी ग्राफ, छेनी हैं।

Ans
✘ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✔ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.16 यदि '+' का अर्थ 'घटाना' है, '–' का अर्थ 'गुणा' है, '×' का अर्थ 'भाग' है और '÷' का अर्थ 'जोड़' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12 + 105 × 3 ÷ 14 – 3 = ?

Ans
✔ 1. 19
✘ 2. 23
✘ 3. 27
✘ 4. 30

Q.17 नीचे दी गई श्रृंखला में, प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

670 669 661 634 570 ?

Ans
✘ 1. 447
✘ 2. 441
✘ 3. 440
✔ 4. 445

Q.18 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से DUMB का संबंध TMCT से है। उसी तरीके से, POYV का संबंध FGON से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LQUX का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
✔ 1. BIKP
✘ 2. BIPK
✘ 3. BPKI
✘ 4. BIPL

Q.19 एक निश्चित कूट भाषा में, 'PEST' को '6324' तथा 'PENS' को '8634' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'N' के लिए कूट क्या है?

Ans
✔ 1. 8
✘ 2. 6
✘ 3. 3
✘ 4. 4

Q.20 उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे 47 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, शिवांगी बाएं छोर से 21वें स्थान पर है। यदि अंकित, शिवांगी के दाएं 22वें स्थान पर है, तो पंक्ति के दाएं छोर से अंकित का स्थान क्या है?

Ans
✘ 1. चौथा
✔ 2. पांचवां
✘ 3. छठा
✘ 4. तीसरा

Q.21 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ 1. XT – DG
✘ 2. GC – MP
✘ 3. BX – HK
✔ 4. TP – ZD

Q.22 संख्या 8123457 में प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
✘ 1. दो
✘ 2. एक
✘ 3. तीन
✔ 4. एक भी नहीं

Q.23 यदि संख्या 5672493 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरा अंक निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

Ans
1. 8
2. 4
3. 6 ✔
4. 2

Q.24 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, LGEI एक निश्चित तरीके से RMKO से संबंधित है। उसी तरह JECG, PKIM से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से HCAE किससे संबंधित है?

Ans
1. INGK
2. INKG
3. NIGK ✔
4. NIKG

Q.25 यदि संख्या 29134576 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंक के बीच का अंतर कितना होगा?

Ans
1. 6
2. 2
3. 8 ✔
4. 4

Q.26 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

312 296 280 264 ? 232 216

Ans
1. 242
2. 248 ✔
3. 260
4. 240

Q.27 एक निश्चित कूट भाषा में, 'GUNS' को '7642' तथा 'STUN' को '2364' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 6
2. 3 ✔
3. 2
4. 4

Q.28 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

31 47 63 79 ? 111 127

Ans
1. 101
2. 92
3. 95 ✔
4. 85

Q.29 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) % 6 @ 9 * 3 $ 7 8 ? 1 Ω 2 £ 5 # 4 & (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीक और सम संख्याएँ हटा दी जाती हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएं छोर से चौथे स्थान पर होगा?

Ans

✔ 1. 3

✘ 2. 7

✘ 3. 5

✘ 4. 9

Q.30 बिनॉय, बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 16 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 43 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 38 km ड्राइव करता है। वह फिर से दाएं मुड़ता है और 19 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है और 22 km ड्राइव करके बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans

✔ 1. 24 km, पश्चिम की ओर

✘ 2. 31 km, दक्षिण की ओर

✘ 3. 22 km, पूर्व की ओर

✘ 4. 29 km, पूर्व की ओर